मध्य प्रदेश में स्वर्ण अयस्क की खोज

चर्चा में क्यों?

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) द्वारा किये गए सर्वेक्षण के दौरान, मध्य प्रदेश के **जबलपुर ज़िले** की सिहोरा तहसील के **महगवाँ** और **केवलारी क्षेत्रों** में **स्वर्ण अयस्क भंडार** की खोज की गई।

मुख्य बिंदु

- **सर्वेक्षण और निष्कर्ष**:
  - यद्यपि इस क्षेत्र में लौह अयस्क प्रचुर मात्रा में है, लेकिन **पहली बार स्वर्ण अयस्क** की भी जानकारी मिली है; भूवैज्ञानिकों को **लौह अयस्क** के साथ-साथ सीमित मात्रा में **स्वर्ण अयस्क** भी मिला है।
  - जबलपुर में **सोने का भंडार** अनुमानतः **100 हेक्टेयर** में फैला हुआ है तथा विशेषज्ञों का अनुमान है कि इसकी मात्रा **लाखों टन** तक पहुँच सकती है।
  - प्रारंभिक **मृदा नमूने** से इस क्षेत्र में ताँबे और अन्य **मूल्यवान धातुओं** की उपस्थिति का भी पता चला है।
- **अन्य स्वर्ण परियोजनाओं से निकटता**:
  - जबलपुर में सोने की खोज इसलिये भी महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह **कटनी ज़िले के धमिरखेड़ा क्षेत्र** में स्थित **इमलिया स्वर्ण** और **बेस मेटल खंड परियोजना** के समीप है।
  - यह भौगोलिक निकटता दर्शाती है कि महगवाँ और केवलारी जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में भी **इमलिया जैसी खनिज संरचना** मिल सकती है।
    - **इमलिया स्वर्ण खदान**, जिसे **50 वर्षों के लिये पट्टे पर दिया गया** है, इस पूरे क्षेत्र को **खनिज दृष्टि से समृद्ध** बनाता है।
- **महत्त्व**:
  - **सोने की खोज** से **मध्य प्रदेश** में **खनिज अन्वेषण** में वृद्धि हो सकती है, जिससे क्षेत्र में पहले से ज्ञात **लौह अयस्क** और **मैंगनीज़** के भंडार में **सोना** भी शामिल हो जाएगा।
  - यह खोज स्थानीय अर्थव्यवस्था **को मज़बूत** करने और जबलपुर को **भारत के प्रमुख खनिज समृद्ध क्षेत्रों** में स्थापित करने की दिशा में एक **महत्त्वपूर्ण कदम** है।

मध्य प्रदेश में खनिज संसाधन

- मध्य प्रदेश भारत का एकमात्र ऐसा राज्य है जहाँ प्रसिद्ध **पन्ना खदानों** से हीरा निकाला जाता है।
- यह राज्य **कॉपर कंसंट्रेट, डायास्पोर, पाइरोफिलाइट, मैंगनीज़ अयस्क,** चूना पत्थर और मृदा (अन्य) का भी प्रमुख उत्पादक है।
- राज्य में देश के **90% हीरा**, 74% डायास्पोर, 55% लेटेराइट, 48% पाइरोफिलाइट, 41% मोलब्डिनम, 27% डोलोमाइट, **19% ताँबे का अयस्क,** 18% फायर क्ले, 12% मैंगनीज़ तथा 8% रॉक फॉस्फेट अयस्क संसाधन मौजूद हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/discovery-of-gold-ore-in-madhya-pradesh